## खबर संक्षेप



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्य

**शहडोल, हरिभूमि न्यूज ।** जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतो में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम भठिया में नवीन खेत तालाब का कार्य किया गया।

### विधायक एवं युवाओं ने रखे सकोरे



**शहडोल, हरिभूमि न्यूज ।** ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जानवरों एवं पशुओं को पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके इसके लिए विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी ने विधायक कार्यालय में सकोरे रखें। इसी प्रकार युवाओं ने भी संभागीय मुख्यालय शहडोल के बाणगंगा के पेट्रोल पंप समीप पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सकोरे रखे। उक्त कार्य में गौरव मिश्रा, राम दुबे, हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन,मुस्कान महोबिया, वैष्णवी बर्मन, रागिनी बर्मन की सराहनीय भूमिका रही।

### लोकायुक्त के आदेश के बाद आनन-फानन में लंबित जांच शुरू

# करोड़ों की बेनामी संपत्ति के मालिक हैं डीईओ!

**शहडोल, हरिभूमि न्यूज ।** जिले के सैकड़ा भर शिक्षा के मंदिरों की निगरानी करने वाले जिला शिक्षा कार्यालय के मुखिया ने बच्चों और विद्यालयों के उत्थान के लिए आई राशि ही लील ली, कलयुगी द्रोणाचार्य के खिलाफ आई जांच साल भर कलेक्टर कार्यालय में धूल खाती रही, इससे पहले की शिकायतों का कहीं ओर-छोर नहीं, इधर सोमवार को एक तरफ कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम दस्तावेजों को कई घंटो तक खंगालती रही, वहीं जुगाड़ के फेर में अधिकारी के दलाल जुगत भिडाते नजर आये।



मध्य प्रदेश लोकायुक्त महोदय ने शहडोल कलेक्टर, आयुक्त लोक शिक्षण प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को 14 मई 2025 को शहडोल जिले के शिक्षा विभाग से संबंधित एक बड़े भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट को लेकर प्रस्तुत होने का आदेश जारी किया है। इसके बाद आनन फानन में जिले का प्रशासनिक अमला आज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जांच के लिए पहुंचा। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची के खिलाफ पद का दुरूपयोग करते हुए करोड़ों रूपये की हेराफेरी की शिकायत लोकायुक्त को की गई थी, इस मामले में 6 मई 2024 को लोकायुक्त कार्यालय भोपाल के द्वारा कलेक्टर शहडोल को पत्र लिखकर जांच कराने के आदेश दिये गये थे, लेकिन एक साल तक यह मामला कलेक्टर कार्यालय और जिला शिक्षा कार्यालय के बीच लटका रहा, सोमवार को उस समय हडक़ंप की स्थिति निर्मित हो गई, जब कलेक्टर कार्यालय के निर्देश पर टीम जिला शिक्षा कार्यालय दस्तावेजों की जांच करने पहुंची।

### यह है पूरा मामला

प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची और समग्र शिक्षा सेकेंडरी एजुकेशन सहायक परियोजना समन्वय द्वारा आईटीसी लैब खरीदी, जिसमें कम्प्यूटर टीवी और स्मार्ट क्लासेस संबंधित सामग्री की वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 02 करोड़ 55 लाख 91200 रुपए की खरीदी में बड़े स्तर पर वित्तीय अनीता के दस्तावेजी प्रमाण के साथ मध्य प्रदेश लोकायुक्त के समक्ष शिकायत प्रस्तुत किया गया था। जिसमें मध्य प्रदेश भंडार क्रय नियम 2015 तथा सेवा उपार्जन नियम 2022 के नियमों को ताक पर रखकर करोड़ों की खरीद में बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा किया गया था। गौरतलब हैं शिकायतकर्ता के द्वारा 1 अप्रैल 2024 को भोपाल लोकायुक्त के सामने अपनी शिकायत प्रस्तुत किया गया है, जिसका जवाब शहडोल कलेक्टर कार्यालय द्वारा 26 जुलाई 2024 तक





लोकायुक्त के सामने प्रस्तुत किया जाना था, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची के दबाव के आगे प्रशासनिक काम लेने घुटने टेकते हुए जांच को लंबित रखा, लेकिन लगभग एक वर्ष भी जाने के बाद भोपाल लोकायुक्त ने 14 में 2025 को शहडोल कलेक्टर, आयुक्त लोक शिक्षण प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को जांच प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत होने के लिए आवेशित किया गया है।

### जांच टीम में सम्मिलित अधिकारी

कलेक्टर द्वारा लोकायुक्त जांच के लिए संयुक्त कलेक्टर स्थापना, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, ट्रेजरी ऑफिसर, ई-गवर्नेंस लोक सेवा प्रबंधक एवं अन्य स्टाफ को सम्मिलित किया गया, गौरतलब है एक वर्ष से लंबित इस मामले में अभी तक जांच टीम के द्वारा कोई जमीनी जांच क्यों नहीं की गई, क्या जांच टीम इस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। क्या इसे प्रशासनिक पारदर्शिता माना जाए। ऐसे तमाम सवाल आज प्रशासन की गलियारो में चर्चा का विषय बने हुए हैं। जहां तमाम तरह के आरोप प्रशासन पर लग रहे हैं जिनका जवाब 14 मई को लोकायुक्त के सामने प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के बाद खुलासा होने की संभावना लगाई जा रही है।

### शिकायत में किन बिंदुओं की हो रही जांच

जानकारी के अनुसार आईसीटी लैब खरीदी मामले पर ऐसे स्कूलों में स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर, टीवी लगवाया गया, जहां लाइट कनेक्शन तक नहीं है, वहीं कुछ ऐसे स्कूल है जहां पहले से ही स्मार्ट क्लास का संचालन किया जा रहा है, वहीं पर दोबारा स्मार्ट क्लास के नाम पर खेल कर दिया गया, इस पूरे खेल में स्कूल के प्रिंसिपल के माध्यम से खरीदी को अंजाम दिया गया, लेकिन भुगतान खुद जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची के द्वारा किया गया, इस तरह 31 लाख के अमाउंट को टुकड़ों में बताकर मध्य प्रदेश भंडार क्रय अधिनियम उपार्जन अधिनियम को किनारे करते हुए अपने मनचाहे फॉर्म से लाखों की खरीदी को अंजाम दिया गया, जबकि एक साथ इतने बड़े भुगतान बिना ओपन टेंडर के नहीं किया जाना चाहिए था। बहरहाल मामला बेहद गंभीर और बड़े भ्रष्टाचार से जुड़ा हुआ है, जिसमें कई जिम्मेदार अधिकारियों के हाथ की संभावना लगाई जा रही है, इसीलिए इस जांच को 1 साल तक लंबित रखा गया।

## शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें अधिकारीः कलेक्टर



**शहडोल, हरिभूमि न्यूज ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेन्डेड नहीं रहें, साथ ही सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। आपने कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करें तथा संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। आगामी समाधान ऑनलाइन के तहत जो विषय चयनित किए गए हैं उन विषयों से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए।




## क्लस्टर स्तर पर भी आयोजित किए जाएं खेल प्रशिक्षणः कलेक्टर

### 12 मई से जिले में ग्रीष्मकालीन खेलों के प्रशिक्षण की शुरूआत



**शहडोल, हरिभूमि न्यूज ।** खेलों का माहौल तैयार करने एवं खेल प्रतिभाओं की पहचान करने हेतु क्लस्टर स्तर पर भी खेल प्रशिक्षण आयोजित किए जाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में खिलाडिय़ों के लिए नास्ते की व्यवस्था की जाए साथ ही खेल मैदानों की साफ-सफाई, पेयजल तथा पैरामेडिकल स्टॉफ के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अधिक से अधिक ग्रामीण खेल प्रतिभाएं ग्रीष्मकालीन के प्रशिक्षण में सहभागी बन सकें इसके लिए एप्प बनाकर लिंक के माध्यम से पंजीयन की व्यवस्था की जाए। जिससे खिलाड़ी संबंधित पंचायत, स्कूल, शिक्षक या स्वयं अपना पंजीयन करा सकें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले 30 दिवसीय ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 दिवसीय आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले से 3 हजार खिलाडियों के भाग लेने की संभावना है। संभागीय मुख्यालय में 15 खेल विधाओं तथा विकास खंड स्तर पर 2 विधाओं के खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 पालियों में प्रातः 06 से 08 बजे तक तथा सायं काल 05:30 से 07:30 बजे तक आयोजित होगा। ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण के दौरान खिलाडिय़ों को देश भक्ति एंव खेलों से संबंधित फिल्म दिखाई जाएंगी। प्रशिक्षण के दौरान टैलेन्ट सर्च हेतु परस्पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक दीवान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेन्द्र सिंह धुर्वे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा, जनजातीय कार्य विभाग से अजय द्विवेदी, सहायक संचालक खेल रईस खान, जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मारपाची, नगर पालिका शहडोल के प्रतिनिधि, जिले के समस्त खेल संघों के संचालक एवं पदाधिकारी, समस्त शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों के खेल अधिकारी, कोच, विकास खंड के युवा समन्वयक तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कोच एंव स्टाफ उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से दो युवकों की मौत



**मानपुर हरिभूमि न्यूज ।।** थाना क्षेत्र के गांव नरवर में सोमवार की सुबह एक बहुत दुखद घटना हुई, जिससे पूरे गांव में मातम छा गया। जानकारी के मुताबिक, गांव के दो युवक जंगल में शिकारियों द्वारा लगाए गए करंट वाले फंदे में फंस गए। इस फंदे में करंट दौड़ रहा था, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान पुष्पेन्द्र जायसवाल पिता मोतीलाल उम्र 35 वर्ष और विपिन दाहिया पिता सूरजदीन उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों युवक गांव नरवर, पंचायत पतौर के रहने वाले थे। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक सुबह किसी काम से गांव के पास के जंगल की तरफ गए थे। वहां एक पानी के स्रोत के पास बिछाए गए करंट वाले तारों की चपेट में वे आ गए। गांववालों का कहना है कि यह इलाका अक्सर शिकारियों की गतिविधियों का केंद्र बना रहता है। ऐसा माना जा रहा है कि शिकारियों ने जंगली जानवरों, खासकर सूअरों को मारने के लिए पानी पीने की जगह पर बिजली के तार बिछा दिए थे। दुर्भाग्य से ये जानलेवा जाल इन दो निर्दोष युवकों की जान ले गया।

### पुलिस मौके पर पहुंची

घटना की जानकारी मिलते ही मानपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटनास्थल से सबूत इक_ा किए जा रहे हैं। अभी यह साफ नहीं है कि इस हादसे के पीछे किस शिकारी गिरोह का हाथ है, इसकी जानकारी जांच के बाद ही मिल पाएगी। फिलहाल पुलिस शक के आधार पर कुछ लोगों की तलाश कर रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे नरवर गांव में गहरा शोक फैल गया है। दोनों युवकों के परिवार वाले सदमे में हैं और लगातार रो रहे हैं। गांव के लोगों में इस घटना को लेकर बहुत गुस्सा है। उन्होंने वन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि शिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यह घटना न सिर्फ गांव की सुरक्षा पर सवाल उठाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि शिकारियों के हौसले कितने बढ़ गए हैं और इलाके में निगरानी कितनी कमजोर है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पहले ही शिकारियों की गतिविधियों पर ध्यान दिया गया होता, तो शायद इन दोनों युवकों की जान बचाई जा सकती थी।



नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री के आतिथ्य में होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत सम्मेलन 7 मई को नियत है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने आयोजित सम्मेलन को संपन्न कराने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी व्दारा सम्मिलित होने वाले जोड़ो के लिए वधू को दिए जाने वाली प्रोत्साहन राशि एवं विवाह के लिए आवश्यक व्यवस्था शासन के निर्देशानुसार किया जाना सुनिश्चित करेंगी।

### निकायों में प्याऊ के माध्यम से की गई पेयजल सुविधा

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** जिला शहरी विकास एवं अभिकरण ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की नगरीय निकायों में आम जनों को पेयजल की सुविधा प्याऊ के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है । उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद उमरिया में नगर के प्रमुख सार्वजनिक 10 स्थलों में सार्वजनिक प्याऊ प्रारंभ किया गया है । नगर पालिका परिषद पाली में 6 स्थालों में वार्ड क्रमांक 12,13,15,03,06 तथा एक सार्वजनिक प्याऊ प्रारंभ किया जा चुका है । नगर परिषद चंदिया में 12 स्थलों पर , नगर परिषद नौरोजाबाद में वार्ड क्रमांक 1 से 15 वार्डो के सार्वजनिक स्थानों एवं चौराहो में 15 प्याऊ तथा नगर परिषद मानपुर में 10 स्थलों में सार्वजनिक प्याऊ प्रारंभ किए गए है , जिसके माध्यम से आम जनों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है ।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन का निराकरण करने दिए निर्देश

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।**कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में समस्त जिला प्रमुख अधिकारियो को सीएम हेल्पुलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए है। निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी व्दारा कार्यालय में समस्त संकुल प्राचार्यो, प्राचार्यो को प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण हेतु निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए उनका निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए।

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया, हरिभूमि न्यूज।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी् कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## जनपद के मुखिया को पंचायत के जिम्मेदारों से लेना होगा ज्ञान

# ...तो बगैर मजदूरों के चल रहा पंचायतों का निर्माण

### देवरी मजिरा पंचायत में राकेट साइंस का हुआ उपयोग

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** पंचायत और ग्रामीण विकास श्रम मंत्री की बातों में कितना वजन है, इसका जीता-जागता उदाहरण उन्हीं के विभाग में पदस्थ कर्मचारियों की कार्यशैली को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है, अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी जनहितैषी होने की बात तो करते हैं, लेकिन उनका बर्ताव बिल्कुल उलट होता है। ज्यादातर अधिकारी आमजनों का मोबाइल तक नहीं उठाते। जिले के पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के रोजगार सहायक से लेकर जिले में बैठे अधिकारी जनप्रतिनिधियों और आमजनों से फोन पर बात करना अधिकारी मुनासिब नहीं समझते। मगर नियम है कि अधिकारियों को फोन उठाना पड़ेगा। नौकरी की तरह फोन उठाना भी उनकी ड्यूटी है, लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना उनकी ड्यूटी है। इसी के लिए उनकी तैनाती होती है, लेकिन जिले की पंचायत में पदस्थ कर्मचारी, जनपद सहित जिले में बैठे अधिकारियों की तरह स्थानीय ग्रामीणों का फोन रिसीव नहीं करते, जिसके चलते किसी ग्रामीण को पंचायत संबंधी अगर कोई जानकारी चाहिए होती है तो, वह पंचायत पहुंचता है, लेकिन वह पंचायत में भी मौजूद नहीं रहते, जिसके चलते आम लोगों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को परेशान होना पड़ता है।




### चुप्पी साध लेते हैं जिम्मेदार

सरकार की ओर से गांव के विकास के वास्ते भेजा गया पैसा बीच में ही हड़प कर लिया जा रहा है। सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लाख दावे करती हुई नजर आ रही हो, लेकिन सरकार के ये सरे दावे जनपद करकेली में खोखले साबित हो रहे है। अधिकारी-कर्मचारियो की मिली भगत से लाखों का बंदरबांट किया जा रहा है। शासन द्वारा मजदूरों का पालयन रोकने के लिए तमाम योजनाएं संचालित कर रखी है, लेकिन पंचायत के जिम्मेदार स्थानीय स्तर पर नियम विरूद्ध ऑफ रिकार्ड ठेके पर कार्य करा रहे हैं, जब इसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीण या जनप्रतिनिधि लेना चाहते हैं, सचिव और स्थानीय अमला चुप्पी साध लेता है।

### गजब का स्टीमेट

ग्राम पंचायत में लगभग हर कार्य में निर्माण एजेंसी पंचायत होती है, जिसके चलते हर निर्माण कार्य पंचायत को कराना होता है, करकेली जनपद की देवरी मजिरा पंचायत में संतोष कोल के घर से घुलघुली तक सीसी रोड मरम्मत कार्य 02 अक्टूबर 2024 को स्वीकृत हुआ था, इसका बजट 3 लाख 85 हजार रूपये निर्धारित किया गया था। उक्त निर्माण कार्य में 3 लाख 76 हजार रूपये निर्माण सामग्री पर व्यय कर दिया गया, जानकारों की माने तो स्टीमेट में अगर मजदूरी भुगतान नहीं है, उसके बावजूद निर्माण कार्य की राशि स्टीमेट से ही खर्च करनी है, लेकिन पंचायत में निर्माण कार्य के दौरान मजदूरी पर व्यय नहीं किया गया और पूरी राशि वेण्डर के खाते में डाल दी गई।

### ...तो किसने किया निर्माण

ग्राम पंचायत देवरी मजिरा में सीसी रोड मरम्मत कार्य के नाम पर ऑन रिकार्ड मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया, जिससे साफ प्रतीत होता है कि बगैर मजदूर के मरम्मत का कार्य हुआ है, जनपद के मुखिया को चाहिए कि पंचायत के जिम्मेदारों से यह तकनीकी ज्ञान लें कि आखिर बगैर मजदूरों के पंचायत में कार्य कैसे हुआ और यह राकेट साइंस अन्य पंचायतों सहित जनपद में पदस्थ अन्य उपयंत्रियों एवं तकनीकी अमले से भी साझा करें, जिससे शासन आने वाले दिनों में या वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य से मजदूरों को हटाकर बगैर मजदूरों के निर्माण कराया जा सके।

## नगरीय निकायों में बिगड़े बाग-बागीचों को किया जा रहा हरित विकास

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** जिला शहरी विकास एवं अभिकरण ने बताया कि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों एवं टाउनशिप के बिगड़े बाग बगीचों को चिन्हां कित कर हरित विकास का कार्य किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद उमरिया अंतर्गत अमृत 2.0 अंतर्गत लालपुर पानी टंकी के पास पार्क का निर्माण 45 लाख रूपये की लागत से किया जा रहा है , यह कार्य 20 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । वार्ड नंबर 14 में कन्या स्कूल के सामने 10 लाख रूपये की लागत से पार्क निर्माण किया जाना है , जिसका कार्य 20 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । वार्ड नंबर 12 में सत्संग भवन के पास 50 लाख रूपये की लागत से पार्क निर्माण किया जाना है जिसका 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी तरह नगर पालिका परिषद पाली में अमृत 2.0 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में सांई मंदिर के सामने 33.20 लाख रूपये की लागत से पार्क निर्माण कार्य किया जाना है जिसका 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है । नगर परिषद चंदिया में अमृत 2.0 अंतर्गत भरोसा तालाब के पास 21 लाख रूपये की लागत से पार्क का निर्माण किया जाना है जिसका 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है । नगर परिषद मानपुर में वार्ड क्रमांक 1 पंचायत भवन सेमरा में 50 वृक्षारोपण कार्य प्रस्तावित है । नगर परिषद नौरोजाबाद में अमृत 2.0 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 में पार्क का निर्माण किया जा चुका है ।

# सामुदायिक भवन सहित स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर संपन्न






**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सेक्टर स्तर पर सेक्टर अंतर्गत आने वाले सभी कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार तथा गंभीर बीमारियों की संभावना के परीक्षण हेतु विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन आयोजन 5 मई से किया जा रहा है । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 5 मई को परियोजना उमरिया - 1 सेक्टर निगहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत निगहरी में, परियोजना उमरिया 2 सेक्टर करकेली अंतर्गत सामुदायिक भवन करकेली, परियोजना मानपुर सेक्टर चिल्हारी अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र चिल्हारी में , मानपुर परियोजना के सेक्टर पाली अंतर्गत पोषण पुर्नवास केंद्र एनआरी पाली में शिविर आयोजित किया गया । सेक्टर स्तर पर आयोजित शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दबाईयों, प्रोटीन, बिटामिन, आयरन आदि की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई । शिविर में परियोजना अधिकारी उमरिया क्रमांक 2 सुनेंद्र सदाफल, परियोजना अधिकारी उमरिया क्रमांक 1 अंजू सिंह पोर्ते सहित स्वा0 विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# निशुल्क प्याऊ जल का नौराजाबाद टीआई ने किया शुभारंभ

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए सेवा भाव के उद्देश्य से कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के मार्गदर्शन पर नौराजाबाद पुलिस व युवा टीम उमरिया के द्वारा देवगमाखुर्द रैलवे फाटक के समीप निशुल्क प्याऊ जल का शुभारंभ किया गया।

भीषण गर्मी में जहां पानी की कमी है, परंतु सडक़ चौराहों पर मीठे पानी की प्याऊ लगाई जा रही हैं। वहीं प्याऊ लगाकर आम लोगों एवं राहगीरों को पानी पिलाया जा रहा है। पानी पिलाने का सिलसिला पूरी गर्मी माह तक चलता रहेगा। नौराजाबाद थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का उद्घाटन किया।




उन्होंने राहगीरों को शर्बत और मटके का शीतल जल पिलाकर प्याऊ की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और गर्मी के मौसम में प्याऊ से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल अति सराहनी है। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते आमजन लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य निःशुक्ल प्याऊ जल का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि गर्मी में राहगीरों को शरबत, नीबू शरबत आदि पिलाया जा रहा है। इस प्याऊ पर ठंडा पेयजल पूर्णतः निशुल्क प्रदान किया जाता है। इस दौरान नौराजाबाद थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा, वरिष्ठ जन विष्णु बर्मन, टीम संयोजक हिमांशु तिवारी, खुशी सेन,शिखा बर्मन, मुस्कान महोबिया, वैष्णवी बर्मन, सानिया बर्मन ,रागिनी बर्मन, हरिओम व सभी उपस्थित रहे।

# कुख्यात पशु तस्करों पर पुलिस कस रही शिकंजा

**कोतमा हरिभूमि न्यूज ।** पिछले एक दशक से कोतमा नगर को पशु तस्करी का बड़े अड्डा के रूप में पहचान दिला चुके कुख्यात पशु तस्कर अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू एवं मोहम्मद वाजिद के खिलाफ इस बार पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। तस्करों के अड्डे से मिले लोड पिस्टल, कच्चा मांस, पायलटिंग वाली गाड़ियां सहित 21 मवेशियों की धरपकड़ के बाद प्रशासन सख्त कार्यवाही की तैयारी प्रारंभ कर दी है। मामले में दो अलग अलग अपराध पंजीबद्ध कर दोनों फरार सरगना भाइयों वह उनके गुर्गों की तलाश में टीम जगह-जगह छापा मार कार्यवाही कर रही है। हिंदूवादी एवं गौ रक्षक संगठन के द्वारा पिछले तीन दिनों से प्रशासन को लगातार ज्ञापन सौंप कर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। आरोपियों के द्वारा पशु तस्करी से अर्जित की गई काली कमाई की भी छानबीन शुरू हो गई है।



सोमवार को राजस्व एवं नपा अमले की टीम द्वारा माफिया के बनाए अड्डे पर अलग-अलग स्तर पर जांच की गई। नपा टीम मौके पर जाकर उसके निर्माण एवं अनुमति संबंधी दस्तावेज जांच किए गए तो बिना अनुमति के लाखों रुपए का पक्का निर्माण करना पाया गया। उक्त जमीन को लगभग डेढ़ साल पूर्ण खरीदा जाना बताया जा रहा है। उत्तर प्रदेश से आकर क्षेत्र में जगह-जगह पशु तस्करी के अड्डे बना चुके अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू 32 एवं मोहम्मद वाजिद 28 के खिलाफ हो रही कार्रवाई के दौरान मंत्री दिलीप जायसवाल ने भी कठोर से कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शांति के टापू कहे जाने वाले कोतमा नगर में हथियार मिलना चिंतनीय है। तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए माफियाओं को संरक्षण देने वालों पर भी कार्यवाही की बात कही गई। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह भी टीम सहित आरोपी के तलाश में दूसरे जिले में भी दबिश दी जा रही है। अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू के खिलाफ थाना कोतमा के अलावा शहडोल जिले के बुढार, अमलाई, केशवाही में भी अवैध हथियार, पशु तस्करी, गुंडागर्दी सहित पशु क्रूरता के अनेक मामले दर्ज हैं। आरोपी के रिकॉर्ड जुटाते हुए जिला प्रशासन के समक्ष जिलाबदर पेश किया जा रहा है।

## जमुना कॉलोनी में काटे गए लगभग 1 हजार अवैध कनेक्शन

**हरिभूमि न्यूज, जमुना बदरा।** एसईसीएल के के जमुना कोतमा क्षेत्र में गत दिनांक को चंदेश्वर दयाल एस ओ ई एंडीम विद्युत यांत्रिक विभाग के नेतृत्व में जमुना कॉलोनी में लगभग 1000 विद्युत कनेक्शन काटे गए जिससे अवैध विद्युत कनेक्शन धारी में हड़कंप मच गया। महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी के निर्देशानुसार चंदेश्वर दयाल अपनी टीम में सुधीर कुमार इंजीनियर मारकंडेय सिंह सुरक्षा प्रभारी हरजेश शर्मा प्रदीप शर्मा दिवाकर सिंह मुन्नी बाई गॉड प्रकाश मिश्रा किरण मिश्रा व इलेक्ट्रीशियन विद्युत विभाग जमुना कोतमा क्षेत्र के द्वारा टाउनशिप में अवैध कनेक्शन काटा गया जिसमें लगभग 1 मेटा डोर तार



एकत्र करके मुख्यालय के स्टोर में जमा किया गया। ज्ञात हो कि अवैध विद्युत कनेक्शन रहने से कलारी प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था इसलिए प्रबंधन ने यह कदम उठाया है।

# सुबह धूप तो दोपहर बाद हो रही बारिश एक सप्ताह से चल रहा सिलसिला

**कोतमा हरिभूमि न्यूज ।** पिछले 5 दिनों से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र का मौसम प्रतिदिन बदला हुआ रहता है।आंधी तूफान के साथ ही बारिश एवं ओले गिरने का दौर जारी है। सोमवार को फिर मौसम बदल रहा जहां दिन में धूप खिली रही वहीं दोपहर 4 बजे के बाद अचानक मौसम बदलते हुए बादल छाने के साथ बारिश होने लगी आधे घंटे तक चली बारिश के दौर से पूरा नगर तरबतर हो गया। बारिश के साथ तेज हवाओं के झोंकों ने मौसम में फिर ठंडक घोलने का काम किया। बारिश के कारण नगर के निचली बस्तियों में जल जमाव हुआ। आए दिन की बारिश व तेज आंधी तूफान होने के कारण बिजली तार टूटने व पेड़ पेड़ भी टूट कर बिजली के पोल व



बे मौसम बारिश से परेशान हो रहे लोग, बाधित हो रही बिजली

तारों को क्षतिग्रस्त हो रहे है। तार एवं पोल क्षतिग्रस्त होने से बिजली भी बाधित हो रही है जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। जानकारी की माने तो बेमौसम बारिश एवं तेज आंधी_तूफान के कारण मौसमी फल आम के साथ सब्जियों को भी नुकसान हो रहा है। कई दिनों से चल रही तेज तूफान की वजह से आम के फल झड़ गए साथ ही सब्जी को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है। तूफान की वजह से तेंदूपत्ता की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।

# नरवाई नहीं जलाने के लिए किया गया प्रेरित

**उमरिया हरिभूमि न्यूज।** कृषि अभियांत्रिकीय विभाग व्दारा किसानों को नरवाई नही जलाने की जानकारी दी जा रही है। सहायक कृषि यंत्री मेगा पाटिल ने बताया कि गत दिवस ग्राम सलैया, चंदिया, सेमड़ारी, पथरहठा, रामपुर, पतरेई, ताला में रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान, नरवाई के प्रबंधन एवं उपाय नरवाई प्रबंधन में सहायक भूसा मशीन, बेलर, हार्वेस्टर मैनेजमेंट सिस्टम, रीपर कम्बाइंडर,



सीपर सीडर, मल्चर आधुनिक कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन उपाय बनाने, खेत और पर्यावरण को नुकसान से बचाने, नरवाई प्रबंधन के लाभ आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा, जन स्वा0 एवं जीव जंतुओ की जीवन सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूजनल के आदेश के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत शासन ने धान एवं गेहू तथा अन्य फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। इसका उल्लंघन किए जाने पर संबंधित से पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप मे जुर्माना लिया जाएगा । नोटिफिकेशन के प्रावधान अनुसार जुर्माना राशि निर्धारित की गई है।

### चंदिया में बावड़ी में स्वच्छता अभियान

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चंदिया में बावडी में श्रमदान आयोजित किया गया। बावडी के संबंध में बताया जाता है कि एक इलाकादारी (संपत्ति) थी जिस पर रीवा राज्य के झंडे तले बघेल राजपूतों का शासन था। 16वीं शताब्दी में चंदिया की संपत्ति कुंवर मंगद राय को दी गई थी, उन्हें लाल साहब की उपाधि मिली थी। इलाका 454 वर्ग मील के क्षेत्र में फैला हुआ था जिसमें 84 गांव थे। इन्हीं के अनुरूप रीवा रियासत के वर्तमान राजा ने चंदिया में बावड़ी का निर्माण कराया उस समय के महराज ने विभिन्न प्रकार के समाज हितैषी जन कल्याणकारी विभिन्न प्रकार के प्रकल्पों का निर्माण किया जिनके द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए उपयोगी एवं लाभदायक परिणाम प्राप्त हुए इसी तारतम्य में कुंआ बावड़ी नदी घाटों का निर्माण किया गया । चंदिया स्थित बावड़ी का निर्माण 16 सौ ईसवी में किया गया था जो कि स्थानीय चंदिया में स्थित है जिसका इतिहास बहुत ही समाज हितैषी और जन कल्याणकारी है इसी स्वर्णिम ऐतिहासिक बावली में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर क्रमांक 04 परामर्शदाता राघवेंद्र द्विवेदी बउबसकच छात्र रमपत यादव, राजकुमार यादव अनिल बर्मन संदीप शर्मा स्थानीय निवाशी एवं नगरवासियों के सहयोग से अभियान चलाया गया।

खबर संक्षेप

## प्रांतीय शिशुवाटिका प्रशिक्षण का उद्घाटन सत्र



**हरिभूमि न्यूज बिरसिहपुर पाली।** विद्याभारती सरस्वती उच्च. माध्यमिक विद्यालय बिरसिहपुर पाली जिला उमरिया में महाकोशल प्रांत का शिशुवाटिका सामान्य आचार्य / दक्षता प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 5 मई से प्रारंभ हो गया है जिसके उद्घाटन सत्र में माननीय श्री भालचंद्र रावले जी (क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य मध्य क्षेत्र) , माननीय श्री शिवानन्द सिन्हा जी (प्रांत प्रमुख नगरीय शिक्षा महाकोशल प्रांत जबलपुर) , माननीय श्री सरजू प्रसाद जी अग्रवाल (अध्यक्ष उद्घाटन सत्र) , माननीय श्री प्रकाश पालीवाल जी (विशिष्ट अतिथि उद्घाटन सत्र) , माननीय श्री अरविंद वंसल जी (प्रबंध कार्य कारिणी सदस्य ,परिषद), पूर्ण कालिक ध्येय निष्ठ कार्यकर्ता श्री रामबहोरी पटेल जी (क्षेत्र प्रमुख प्राथमिक शिक्षा) , श्री राम शिरोमणि शर्मा जी (विभाग समन्वयक) , श्री प्रभात सिंह जी ( प्रांत प्रमुख शिशुवाटिका) , श्रीमती संतोषी सोनी दीदी (सह प्रांत प्रमुख शिशुवाटिका) , श्री नंदलाल प्रजापति ( सह जिला सचिव उमरिया), प्रांत के 22 जिला से आए हुए शिशुवाटिका की दीदियों की उपस्थिति रही श्री शिवानन्द सिन्हा जी, शिशु की बालसुलभ चेष्टाओं के बारे में पाथेय प्रदान करते हुए सब को भावविभोर कर दिए उद्घाटन सत्र में श्री भालचंद्र रावले जी का पाथेय प्राप्त हुआ श्री प्रभात सिंह जी ने प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी को बताए ।

## स्टाफ की कमी से जूझ रहा तहसील कार्यालय



**हरिभूमि न्यूज ब्यौहारी।** इन दोनों स्टाफ की कमी से जूझ रहा है स्टाफ की कमी होने से लोगों के फैसले सही टाइम पर नहीं हो पा रहे हैं खाली पदों की प्रशासन को जानकारी भेजे जाने के बावजूद अभी तक पद नहीं भरे गए आउटसोर्सिंग से भी व्यवस्था नहीं बनाई गई है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुडवा कोर्ट में एक स्टेनो एवं दो लिपिकों की आवश्यकता है इसी तरह से आखेटपुर सर्किल में भी दो लिपिकों की आवश्यकता है ब्यौहारी- तहसील में भी दो लिपिक एवं एक कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है गौर तलब है कि कुछ पद बैगा प्रोजेक्ट के तहत भरे गए जिनसे काम नहीं आता इस कारण से भी तहसील में आने वाले दूर-दूर से ग्रामीणों का काम समय से नहीं हो पा रहा है क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर से तहसील ब्यौहारी-मे खाली पदों को शीघ्र भरे जाने की मांग की है ।

## 17 स्थानों से अवैध शराब जप्त

**शहडोल, हरिभूमि न्यूज ।** जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। अभियान के अंतर्गत 04 मई को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 17 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 101 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गईए जिसकी कुल कीमत 10100 रूपये है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। जैतपुर क्षेत्रांतर्गत 04 मई को मुखबिर सूचना पर पुलिस द्वारा ग्राम रसमोहनी में आरोपी अरुण उर्फ डाक्टर बरगाही पिता दीपचन्द्र बरगाही उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम रसमोहनी की दुकान पर दबिश देने पर आरोपी के कब्जे से लेमाउंट बियर 28 नग, 03 नग बियर पॉवर, 59 नग क्वार्टर ब्लू चिप व्हिस्की, 25 नग क्वार्टर देशी मसाला शराब, 04 नग मैकडावल नंबर 01 मौके पर जप्त की गई, आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### आबकारी व्रत बुढार के विभिन्न अवैध शराब के ठिकानों पर दी दबिश

# आबकारी एक्ट के तहत 55 स्थानों पर देशी, विदेशी अवैध शराब जप्त

**बुढार, हरिभूमि न्यूज ।** आबकारी व्रत क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर केदार सिंह के दिशा-निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक सुनील सिंह चंदेल ने 1 अप्रेल से 4 मई तक विशेष अभियान के तहत आधा सैकड़ा से भी ज्यादा मामला दर्ज करने की सफलता अर्जित की है। विशेष अभियान के तहत आबकारी व्रत क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब की बिक्री एवं शराब ठिकानों पर दविश देकर141 लीटर हाथ भट्ठी शराब, देशी प्लेन मदिरा 127 पांव, अंग्रेजी गोवा 63 पांव मैक डबल्स 12 पांव माउंटेन केन बीयर 17 पावर बीयर 4 बोतल, एवं अंग्रेजी 8 पीएम 3 पांव जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

### इनके विरुद्ध हुईं कारवाई

अवैध शराब कारोबारियों में मोना विश्वकर्मा,धीरज कुमार सिंह,राम बाईं प्रजापति,बुढार, प्रकाश चन्द्र साकेत पकरिया, त्रिलोक सिंह गोड़ पकरिया, प्रेम सिंह गोड़,पकरिया,आकाश कोल सिरौजा, चंद्रवती प्रजापति, सुभद्रा प्रजापति,सरई कांपा, प्रभा वर्मन, प्रकाश गुप्ता बुढार,उषा, बाबूलाल जायसवाल, प्रकाश कोल कूष्णा प्रजापति सिरौजा, श्याम लाल वासुदेव,लीला



बासुदेव,दशमत बासुदेव,नारेंद बासुदेव, रानी कोल,बटुरा, गजराज गौड़ गिरवा,केशर वती महरा केशवाही,सुखंतु कोल बरतरा, देवश्री यादव जरवाही, राजेश चौधरी, दीनदयाल जोगी छांटा, ननकी जोगी, शशिकला जोगी,केरहा, कोमल ठीमर बहगढ़,चमेलिया प्रजापति,केमलु पनिका, चंद्रवती पनिका केशवाही, प्रकाश वर्मन,मथूरा जायसवाल, गुड्डा कोल, अन्नु पाली,धनपुरी, ममता ठीमर, सोनिया ठीमर,चन्नौडी, ज्योति मोगरे, सीमा चौधरी, अशोक पनिका, माखनलाल चौधरी रुंगटा,कालरी ,दयालु केवट अमलाई,परसुराम सिंह, जैतपुर, प्रकाश केवट जरवाही, विशम्भर गौड़ बिरुहुली, अशोक साहू गुर्रा,विल्लु गुप्ता,तूलन सिंह,पुरन सिंह, रोहित कोरी, लालपुर, सरिता सिंह सहित सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।इस धरपकड़ अभियान में मुख्य आराक्षक प्रकाश मरावी, आरक्षक राजेन्द्र सिंह, महिला आरक्षक शोभा रानी अजमीरे की भूमिका रही।

इस संबंध में आबकारी उप निरीक्षक सुनील सिंह चंदेल ने बताया कि अवैध शराब की धर-पकड़ के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छापामार कार्रवाई की गई है आगे भी इसी तरह की कार्रवाई की जावेगी।

# बेटिया बोझ नहीं वरदानः सांसद

### 196 जोड़े मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत दाम्पत्य सूत्र से बंधे









**शहडोल, हरिभूमि न्यूज ।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना अंतर्गत जिले के जयसिंहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत आमडीह में सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में 196 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बधें। विवाह वैदिक रीति रिवाज एवं मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन कि जिम्मेवारी जिला प्रशासन सम्हाल रहा था। वहीं जनप्रतिनिधि एवं आम जन बाराती थे। जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत आमडीह में वर एवं वधू के परिवार जन उत्साह के साथ रंग विरंग परिधानों में विवाह स्थल में पहुंच रहे थे। सुबह से ही खुशनुमा माहौल था। ग्रामीण जन अतिथियों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था में जुड़े हुए थें। घराती एवं बाराती पक्ष अपने मेहमानों के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंच रहे थे।

### जिला प्रशासन ने की अगुवाई

ढोल ढमाके, बाजे, गाजे के साथ बारात निकली, जिसकी अगुवाई जिला प्रशासन की तरफ से कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा, तहसीलदार जयसिंहनगर श्रीमती सुषमा धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक मरावी, एपीओ मनोज मिश्रा द्वारा की गई। सात फेरों एवं मत्रोच्चारण के साथ वैदिक परंपरा के अनुसार 196 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा नव वर-वधू को राज्य सरकार के प्रावधान के अनुरूप 49 हजार रूपये के चेक भेंट किए गए। जो नव दम्पत्ति को गृहस्थी के सामान एवं अन्य कार्यों के लिए व्यय किए जा सकेंगे।

### चिंता की लकीरें मिट गई

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना के तहत गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह धूम-धाम से संपन्न होने पर गर्व महसूस होता है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रयासों से अब बेटियां बोझ नहीं वरदान बन गईं हैं। अब बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम फहरा रही हैं। चाहे डॉक्टर हो, इंजीनियर हो, वैज्ञानिक हो या शिक्षा, आंतरिक्ष अथवा खेल कूद का क्षेत्र हो। शासन की इस योजना से गरीब परिवारों के अभिभावकों की चिंता की लकीरें मिट गई हैं। अब सरकार आगे आकर इन कन्याओं का विवाह सम्पन्न करा रही है। आपने नव वर वधुओं के सफल विवाह की शुभकामनाएं दी।

### सरकार की है विवाह की जिम्मेदार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ब्यौहारी श्री शरद जुगलाल कोल ने कहा कि अब बेटियां अपने ससुराल खाली हाथ नहीं जाएंगी। प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह की जवाबदारी अपने हाथों में ले रखी है। कन्याओं का विवाह पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। अब कन्या विवाह के लिए अभिभावकों को अपनी जमीन या जायजाद गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कन्या पक्ष वर तलाश कर ऑनलाइन आवेदन करें। विवाह की सम्पूर्ण जिम्मेवारी राज्य सरकार की होगी।

### सफल जीवन की शुभकामनाएं

सामूहिक विवाह को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विवाह सूत्र में बंधने वाले नव दम्पत्तियों के सफल जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर अतिथियों द्वारा नव वर-वधू को राज्य सरकार के प्रावधान के अनुरूप 49 हजार रूपये के चेक भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन एपीओ मनोज मिश्रा ने किया। आयोजित सामूहिक विवाह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती मालती सिंह, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती रक्षा शिबू सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य श्री गुजरात सिंह, जनपद पंचायत सदस्य जयसिंहनगर रामप्रसाद पयासी, स्मृतिरानी पटेल, अधिकारी एवं कर्मचारी एंव काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों बालिकाओं को काम करवाना पूर्णतः प्रतिबंधित

### विद्यार्थियों को श्रम आयुक्त कार्यालय की गतिविधियों एवं योजनाओं की दी गई जानकारी



**शहडोल, हरिभूमि न्यूज ।** विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर गत दिवस पंड़ित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को श्रम आयुक्त कार्यालय की गतिविधियों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। सहायक संभागीय श्रम निरीक्षक एवं बाल श्रम नोडल अधिकारी श्रीमती चरणाा गुप्ता ने बताया कि 1 मई को विश्व श्रमिक दिवस मनाया जाता है, इस दिन को मई दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। यह दिन मजदूरों और श्रमिकों के समर्पण, अधिकारों और संघर्षों को समर्पित है। इस दिन मजदूरों के अधिकारों के लिए लोगों को और खुद मजदूरों को भी जागरूक करने के प्रयास किये जाते है। उन्होंने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना जैसे प्रसूति सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना आयुष्मान भारत योजना निरामयम के समकक्ष, विवाह सहायता योजना, निर्माण स्थल पर कार्य के दौरान अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एव अनुग्रह राशि भुगतान योजना, शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि योजना, सुपर 5000, कक्षा 10 वी,कक्षा 12 वीं राज्य लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पर पुरूस्कार योजना, विदेश अध्ययन हेतु निःशुल्क शिक्षा योजना, खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, कौशल प्रशिक्षण योजना, औजार, उपकरण खरीदी ठेतु शिक्षा योजना, सायकल अनुदान योजना, मुख्यमंत्री भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार नगरीय आवास योजना, मुख्यमंत्री भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार ग्रामीण आवास योजना, निर्माण श्रमिक रैन बसेरा योजना, निर्माण पीठा श्रमिक आश्रय योजना, श्रमोदय आवासीय विद्यालय, निर्माण श्रमिक आदर्श आई0टी0आई0 तथा कर्मकार एवं संबल कार्ड में अंतर को इंगित किया। मध्यप्रदेश असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल संबल योजना की पात्रता शर्तों के बारे में बताया की 18 से 60 वर्ष की आयु के ऐसे असंगठित श्रमिक जिनके पास एक हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि नहीं हो, शासकीय सेवा में नहीं हो,आयकर दाता नहीं होना ,ग्रामीण क्षेत्र हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नगरी निकाय हेतु- आयुक्त हेतु आयुक्त नगर पालिका निगम / मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर परिषद/पंचायत, पदाभिहित अधिकारी एवं पंजीकृत श्रमिक के मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि सहायता योजना अंत्येष्टि राशि रूपये 5000 अनुग्रह सहायता योजना अनुग्रह ,सामान्य मृत्यु 2 लाख,दुर्घटना मृत्यु 4 लाख, आंशिक स्थायी अपंगता 1 लाख, स्थायी अपंगता 2 लाख ,इस हेतु पदाभिहित अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र- मुख्य नगर पालिका अधिकारी, न. पालिका/न. परिषद, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना पंजीकृत श्रमिक अथवा श्रमिक की पत्नी का वैध पंजीयन होने पर राशि 16000 रूपये हितलाभ देय होगा पदाभिहित अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र- सिविल सर्जन/अधीक्षक मेडिकल कॉलेज अस्पताल/विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी मुख्यमंत्री जनकल्याण महाविद्यालयीन शिक्षा प्रोत्साहन शैक्षणिक शुल्क मंडल द्वारा पदाभिहित अधिकारी शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख होते हैं । बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन 1986 संशोधित अधिनियम-2016 के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों / बालिकाओं को सभी तरह के कार्यों में नियोजित (काम करवाना) पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस कानून के तहत 14 से 18 वर्ष तक के बच्चे जिन्हें किशोर कहा जाता है उनको खतरनाक व्यवसाय एवं उद्योगों में नियोजित करना पूर्णतः निषेध है। 14 से 18 वर्ष के किशोरों को अपने परिवार में गैर खतरनाक व्यवसाय में मदद के लिए रखा जा सकता है। यह काम भी बच्चा स्कूल से आने के बाद या छुट्टियों में ही कर सकता है। साथ ही किशोरों को शाम 7 बजे से सुबह 8 बजे तक नियोजित करना प्रतिबंधित है। किशोरों के गैर खतरनाक व्यवसाय में नियोजन खतरनाक व्यवसाय जैसे ऑटोमोबाइल वर्कशॉप / गेराज, सरकस, साबुन बनाना, अगरबत्ती बनाना, कचड़ा उठाना होटल एवं ढाबा में काम करना तथा घरेलू श्रम सहित अन्य 86 व्यवसाय एवं प्रतिकियाओं में किशोर श्रमिक कार्य नहीं कर सकता है।

बाल श्रम नियोजित होने की सूचना म.प्र. शासन श्रम विभाग को पेंसिल पोर्टल पुलिस 100, चाईल्ड लाईन 1098 पर शिकायत करने की सुविधा उपलब्ध है। उक्त प्रावधानों का पालन न करने कि स्थिति में बालश्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधि0 1986 के अंतर्गत अधिकतम दो वर्ष का कारावास व 50,000/- रुपये जुमनि के दण्ड का प्रावधान है। इस अवसर पर विजिटिंग फैकल्टी नितिन गर्ग, अर्पित दुबे एवं चंद्रकांत त्रिपाठी एवं एम.एस.डब्लू द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र शिवम रजक, शिवानी चौरसिया, आकांक्षा गुप्ता तथा श्रम कार्यालय में पंकज एवं विद्यार्थी उपस्थित थें।

# कियोस्क संचालन की आड़ में दर्जनों से हुई करोड़ों की ठगी

### खुद के पैसों के लिए भटक रहे पीड़ित, थाना में हुई शिकायत

**शहडोल, हरिभूमि न्यूज ।** कियोस्क बैंक एवं बंटी बिजनेस ट्रेडिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड एवं बीबीजी (बंटी बिजनेस ग्रुप) नामक फर्म की आड़ में लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपयों के ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। नगर के करीब तीन दर्जन से अधिक पीड़ितों ने थाने में इस सम्बन्ध में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमे मृतक कियोस्क संचालक समेत उसके परिवार के अन्य सदस्यों पर करोड़ों रुपए की ठगी का आरोप लगाया गया है। जिसकी जांच पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दी है। शिकायतकर्ताओं गुलाम हुसैन, अनिल कुमार मिश्रा, रोहित कोल, विमल कुमार कचेर, गोविन्द साहू तथा सैफ अली आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराने पुलिस चौकी के पीछे रहने वाले अजय सिंह रघुवंशी उर्फ बंटी पिता स्व. पूरन सिंह रघुवंशी 45 वर्ष द्वारा मोहल्ले में एयरटेल टावर के पास बैंक ऑफ़ बडौदा एवं भारतीय स्टेट बैंक के कियोस्क का संचालन किया जाता था। जिसमे उसका छोटा भाई एवं बहन भी कियोस्क संचालन में साथ रहते थे। हम पीड़ितों ने अपनी जमा पूँजी मृतक व उसके भाई बहन के माध्यम से कियोस्क बैंक में जमा कराई थी। जो कि करीब 5 करोड़ रुपए से अधिक है । इस बीच बीते 8 अप्रैल को अचानक अजय सिंह रघुवंशी उर्फ बंटी के द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली गयी। जिसके बाद से हम लोग अपनी जमा पूँजी वापस लेने के लिए भटक रहें हैं।



### मानसिक रूप से परेशान उपभोक्ता

पीड़ित उपभोक्ताओं ने आरोपित किया है कि काफी दिन गुजरने के बाद हम लोग मृतक के घर गये और परिजनों से अपने रुपयों के बारे में बताते हुए उसे लौटाए जाने की बात कही। जिस पर परिवार के लोगों द्वारा हम पीड़ितों के रुपए तो नहीं लौटाए गये उलटे हमे ही धमकिया दी जाने लगी। पीडितों का आरोप है कि मृतक की बहन, जो कि कियोस्क बैंक के संचालन में शामिल थी, वह हमे यह धमकी देती है कि अगर हमसे रुपए की बात करोगे तो, हम लोग फांसी लगाकर तुम सबको फंसा देंगे। जिससे हम लोग और अधिक मानसिक रूप से परेशान है।

### ठगी के कारोबार में परिवार शामिल

शिकायत में आरोपित किया गया है कि भली ही इन फर्मों के एक सदस्य बंटी ने बीते दिनों फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है, लेकिन ठगी के इस कारोबार में उसके भाई व बहन समेत परिवार के अन्य सदस्य भी बराबर के सहयोगी हैं। मृतक अजय सिंह रघुवंशी उर्फ़ बंटी पिता स्व. पूरन सिंह रघुवंशी 45 वर्ष के पार्टनर राघवेन्द्र सिंह, अभिषेक सिंह परिहार व गोली उर्फ़ नीतू सिंह (मृतक की बहन ), कुसुम लता सिंह, राजन सिंह भी इस कारोबार में बराबर के सहयोगी है। यह लोग उक्त फर्म के पदाधिकारी भी है। उनकी फर्म की वेबसाइड में बाकायदा इनके नाम व पद का उल्लेख भी है। इनके खातों में भी हम शिकायतकर्ताओं के पैसे लिए गये हैं।

### रूपयों के लिए पड़ रहा भटकना

जब मृतक के परिजनों द्वारा पीड़ित उपभोक्ताओं को कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया गया एवं उलटे धमकी दी जाने लगी तो पीड़ितों द्वारा थाना जाकर इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई गयी। जिसमे करीब दो दर्जन से अधिक लोग शामिल है, जिनके करीब 5 करोड़ रुपए से अधिक राशि की ठगी का आरोप उक्त कियोस्क के संचालकों के आरोप लगाया गया है। लोगों का आरोप है कि उक्त कियोस्क से जुड़े मृतक तथा उसके संचालन में शामिल मृतक के भाई व बहन के द्वारा हमारे रुपए लेकर कहा गया था कि वह सब सुरक्षित रूप में निवेश है, जब भी आपको पैसों की जरूरत पड़े आप आकर अपने रुपए निकलवा सकतें हैं । लेकिन अब हमे अपने रुपयों के लिए भटकना पड़ रहा है। कुछ कालरी कर्मचारियों ने तो रिटायरमेंट के बाद अपने जीवन भर की कमाई वहां जमा करवा दी थी। जिसकी एक पाई भी अब उन्हें नहीं मिल पा रही है। इस रैकेट का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसमें एक व्यक्ति के द्वारा ही अकेले अपनी सम्पूर्ण सेवा के बाद मिली जमा पूँजी एक करोड़ से अधिक जमा कराई गयी थी। इसी तरह 70 लाख से लेकर दो लाख तक के कई पीड़ित है । जो अब अपनी ख़ून पसीना की कमाई पाने के लिए भटक रहें हैं।

### इनका कहना है...

शिकायत के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है, कियोस्क बैंक की डिटेल एवं आवेदकों का बैंक स्टेटमेंट समेत अन्य दस्तावेज प्राप्त होने के बाद आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**खेम सिंह पेन्द्रो**
**थाना प्रभारी, धनपुरी**

## 'पावर हब' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा अनूपपुर जिला

# 1320 मेगावाट पावर प्लांट का रास्ता साफ

### सरकार ने एनबीएफसी के साथ की अहम बैठक

### देश के बिजली मानचित्र पर जिले को मिलेगी एक नई 'पहचान'

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/जमुना।

देश में ऊर्जा उत्पादन को नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में सरकार ने एक और मजबूत कदम बढ़ाया है। विद्युत मंत्रालय ने आगामी बिजली परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए हाल ही में कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। मंत्रालय ने परियोजना डेवलपर्स और उत्पादन कंपनियों के साथ व्यापक चर्चा की, ताकि निविदा के सभी पहलुओं को पारदर्शी और सुचारु बनाया जा सके। इन बैठकों में वित्तीय आवश्यकताओं, क्रियान्वयन की रणनीति और संभावित चुनौतियों पर विशेष फोकस रहा। इसके अलावा, मंत्रालय ने रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (REC) और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (PFC) जैसी प्रमुख सूचीबद्ध एनबीएफसी कंपनियों के साथ भी अहम बैठक की। बैठक में बिजली परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण के नए रास्ते तलाशे गए। इन कंपनियों की भूमिका परियोजनाओं को दीर्घकालिक ऋण और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में बेहद अहम है। सरकार का मकसद है कि देशभर में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त पूंजी सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में अनूपपुर जिला अब 'पावर हब' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां स्थापित होने जा रहे 1320 मेगावाट क्षमता के पावर प्लांट के लिए 822 एकड़ भूमि का अधिग्रहण दिसंबर 2012 में पूरा कर लिया गया था। यह परियोजना न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही है। प्रशासन ने बताया कि सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है, हालांकि सत्रह लाख रुपये का मुआवजा अभी तक नहीं उठाया गया है, जिसे जल्द वितरित करने की प्रक्रिया जारी है। इस परियोजना में रक्सा, कोलमी गांव के किसान प्रभावित हुए हैं, लेकिन यह पावर प्लांट इलाके के लिए आर्थिक और सामाजिक विकास की नई राह खोलेगा। परियोजना के क्रियान्वयन में कुछ देरी सरकारी नीतियों और प्रक्रियाओं के कारण हुई थी, मगर अब कार्य में तेजी आ गई है। सरकार और निजी कंपनियों के इस संयुक्त प्रयास से स्पष्ट है कि अनूपपुर अब मध्य प्रदेश का ऊर्जा केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। सरकार ने संकेत दिए हैं कि निविदा दस्तावेज जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे, जिससे बिजली क्षेत्र में निवेश और विकास को नई गति मिलेगी।




### पावर प्लांट शुरू होने से यह होगा लाभ

* जिले में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।
* किसानों और ग्रामीणों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा।
* फुनगा क्षेत्र सहित पूरे जिले में बुनियादी ढांचे का विकास होगा।
* अनूपपुर जिले को देश के बिजली मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी।

## विप्र समाज की समीक्षा बैठक संपन्न

# कोर समिति का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

भार्गव भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव आयोजन सानंद प्रेरणादायक संपन्न होने के बाद 4 मई को विप्र समाज का समीक्षा बैठक विप्र समाज के संयोजक मानस मर्मज्ञ पंडित राम नारायण द्विवेदी के निवास पर रखा गया जिसमें विप्र समाज के सहित आयोजन के सहभागी अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के अध्यक्ष पंडित विद्याधर पांडे एवं आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित चैतन्य मिश्रा उपस्थित रहकर पूरे खुले मन से आयोजन पर विस्तृत चर्चा किया गया सब लोगों ने अपनी अपनी बात रखी एवं भविष्य में इसी तरह से उत्साह पूर्वक सच्चे मन से समाज में नई जागरूकता और प्रेरणा लेते और सभी कार्यक्रम भविष्य में जो भी किए जाएंगे सब सम्मिलित प्रयास से इसी तरह से किया जाएगा। विप्र समाज के जिम्मेवार और सक्रिय उपस्थित सदस्यों ने भी तालमेल बनाकर कार्य करने में सहमति जताई, जिसको लेकर कोर कमेटी का गठन किया गया।



### कोर कमेटी का हुआ गठन

सर्वसम्मति से कोर कमेटी का गठन कार्यक्रम आयोजन के लिए किया गया जिसमें सर्वश्री पंडित सुरेंद्र कुमार शुक्ला पंडित बाबूलाल पाठक पंडित सुधीर द्विवेदी पंडित मधुसूदन द्विवेदी,पंडित शेष नारायण शुक्ला पंडित मधुकर चतुर्वेदी पंडित जितेंद्र कुमार पांडे पंडित संदीप मिश्रा पंडित प्रदीप पांडे पंडित श्रीनिवास तिवारी पंडित रोहिणी तिवारी पंडित देवानंद शुक्ला पंडित अयोध्या प्रसाद तिवारी कोर ग्रुप के लिए सर्वसम्मति से चयनित किए गए और अपेक्षा की गई की यथा शीघ्र विप्र समाज के उज्जवल एवं परिणामकारी भविष्य के लिए कार्य करेगें।संतोष कुमार मिश्रा के विशेष उपस्थिति रही एवं उनके अनुभव पूर्ण कार्यों का लाभ मिला उनके अच्छे सुझाव समिति को आगे भी इसी तरह से प्राप्त होते रहेंगे। समीक्षा बैठक में कोर कमेटी के लिए विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित विद्याधर पांडेऔर जिला आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष पंडित चैतन्य मिश्रा का चयन किया गया और उनसे उम्मीद की गई कि उनका और उनके संगठन का मार्गदर्शन सहयोग और सुझाव इसी तरह से मिलता रहेगा।

सभी उपस्थित सदस्यों ने एक मतेन प्रस्ताव पारित किया कि पंडित रामनारायण द्विवेदी विप्र समाज के संयोजक बने रहेंगे एवं अपना अनुभव पूर्ण मार्गदर्शन देते रहेंगे तत्पश्चात पंडित राम नारायण द्विवेदी संयोजक के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ उत्साह पूर्वक कोर कमेटी को बधाई देते हुए सभा का समापन किया गया।

## नक्षत्र वन मे छाया वन विभाग का नक्षत्र

# लाखों खर्च के बाद उजाड़ मे तब्दील हुआ अमरकंटक का 'नक्षत्र वन'

### शासन की योजना को लगा पलीता, देख रेख के अभाव में हुआ बियाबान

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक



मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के वार्ड क्रमांक 2 पुराने प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र के सामने तथा शिक्षक क्वार्टर के बगल से बराती मे स्थानीय प्रशासन नगर परिषद के आधिपत्य के वन में वन मंडल अनूपपुर उपवन मंडल राजेंद्र ग्राम तथा वन परिक्षेत्र अमरकंटक के द्वारा 10 -12 वर्ष पूर्व शासन की विशेष कार्य योजना के तहत नक्षत्र वन का विधिवत भूमि पूजन उद्घाटन किया गया था उक्त नक्षत्र वन में 27 नक्षत्रो के तहत पौधा रोपण किया गया था लगभग 5 हेक्टेयरवन भूमि पर कटीले तार लगाकर फेंसिंग किया गया था तथा उक्त स्थल में जल आपूर्ति होती रहे जिसके लिए पाइप लाइन बिछाकर पानी टंकी का का निर्माण भी हुआ था। लगभग 4 वर्षों तक उक्त नक्षत्र वन पौधे जो रोपित किए गए थे रहे उक्त नक्षत्र वन के विकास में लगभग शासन का 14 -15 लख रुपए खर्च हुआ है। वन परिक्षेत्र अमरकंटक के द्वारा बनाए गए नक्षत्र वाटिका में दो सुरक्षा चौकीदार निरंतर देख-रेख करते रहे उन्हें वन विभाग के द्वारा मानदेय दिया जाता रहा है उक्त सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा नक्षत्र वन की देखरेख तथा जल से सिंचाई की जाती रही इससे उक्त नक्षत्र वन हरा भरा रहता रहा है। क्योंकि मध्य प्रदेश शासन के वन विभाग द्वारा नक्षत्र वन योजना पर शासन का बजट आवंटन न होने से उक्त नक्षत्र वन अब उजाड़ की शक्ल ले लिया है वह वह क्षेत्र पूरी तरीके से टूट गया बियाबान हो गया है इसमें पालतू जानवर आते जाते हैं उसका कोई देखरेख करने वाला नहीं रहा इस कारण नक्षत्र वन में अब कोई भी नक्षत्र पेड़ पौधे नहीं है। नक्षत्र वन का फेंसिंग तार भी जगह-जगह से टूट गया है चोरी चला गया है देखरेख के अभाव में अब वहां लेंटाना बरमसिया ने जगह ले लिया है। सवाल है कि क्या योजना बंद होने से उसका रखरखाव सुरक्षा आदि भी बंद हो जाती है इससे शासन के लाखों रूपयों का अपव्यय होता है इसी तरह और भी योजना के मद में रकम आवंटित न होने के चलते विकास योजना प्रभावित होती है। अमरकंटक नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता रज्जू सिंह नेताम ने कहा कि वन परिक्षेत्र अमरकंटक के तत्कालीन वन परिक्षेत्राधिकार ने नक्षत्र वन की विधिवत स्थापना कराई थी योजना अच्छी थी लेकिन देख-रेख सुरक्षा के अभाव में अब उक्त नक्षत्र वन का अता पता नहीं है इससे शासन की योजना का पलीता लगा है रकम का अपव्यय हुआ है यह अच्छी बात नहीं है। वन मंडल अनूपपुर तथा जिला प्रशासन को इस विषय में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करना चाहिए वही ऐसी योजना ना बनाएं जिसका सुरक्षा देख-देख ना हो सके वह बियाबान की शक्ल ले ले।

### इनका कहना है

मुझे नक्षत्र वन के संबंध में पर्याप्त जानकारी नहीं है कि कब की योजना है। इस संबंध मे जानकारी लेता हूं तथा वन मंडल अधिकारी अनूपपुर को विषय से अवगत कराकर मार्गदर्शन लूंगा।

**वीरेंद्र श्रीवास्तव**
**वन परिक्षेत्राधिकारी, अमरकंटक**

# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने फिर क्रमिक अनशन की चेतावनी

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा की हालत खस्ता, जिम्मेदार उदासीन

हरिभूमि न्यूज कोतमा




सामुदायिक स्वास्थ्य खुद बीमार है जिसके कारण लोगों का इलाज कैसे होगा यह अस्पताल पहुंचकर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। एक ओर जिले में 200 बिस्तरों के अस्पताल का लोकार्पण विगत दिनों जिले के प्रभारी मंत्री एवं शहडोल संभाग के इकलौते मंत्री के द्वारा किया जाता है दूसरी उन्ही के विधानसभा क्षेत्र मे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डाक्टरों की कमी के साथ ही अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। पिछले माह पूर्व पार्षद देव शरण सिंह एवं नगरवासियों के द्वारा डॉक्टरों की कमी एवं अस्पताल में पहले अव्यवस्था को लेकर आंदोलन करते हुए भूख हड़ताल भी की गई थी। तब प्रशासन के द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा प्रशासन के द्वारा सप्ताह में एक दिन जिले से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर को भेजा जाएगा जो कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सुविधा देंगे लेकिन वह भी आश्वासन कोरा ही साबित बहुत अधिक रहा है रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शुरुआत में एक दिन आकर अपनी सेवाएं दी और उसके बाद उनका पता ही नहीं चला।

### दो डॉक्टर के भरोसे

बदलते मौसम के कारण मौसमी बीमारियों के साथ ही अन्य रोगों के मरीज प्रतिदिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करवाने पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन लगभग 200 से 300 मैरिज पहुंच रहे हैं, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण पूरी तरह से अस्पताल आप व्यवस्था का शिकार है । सोमवार को दोपहर 12 बजे के लगभग मरीजों की लंबी कतार डॉक्टर के कमरे के सामने लगी थी बताया जाता है कि डॉक्टर बेबी नाज एवं आयूष चिकित्सा अधिकारी डॉ संगीता प्रजापति के द्वारा मरीज की लंबी लंबी कतार को देखा जा रहा था। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोतमा अस्पताल पूरी तरह से डॉक्टरों की कमी से जूझता हुआ व्यवस्था का शिकार हो गया है ।

### कोरा साबित हो रहा आश्वासन

कोतमा तहसील में लगभग 3 लाख की आबादी है और जीवन दाहिनी कहलाए जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा की स्थिति है कि यहां पर नियमित रूप से दो डॉक्टरों की ही पद स्थापना है बाकी आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ चिकित्सकों से ही कम चलाया जा रहा है। 1 साल पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री के अनूपपुर आगमन पर उनके द्वारा यह घोषणा की गई थी कि कोतमा अस्पताल को 100 बिस्तरीय अस्पताल बनाया जा रहा है लेकिन अभी तक यह घोषणा मत कागजों में ही दौड़ रही है।

### करेंगे क्रमिक अनशन

पूर्व पार्षद देवशरण सिंह ने कहा है कि यदि एक माह के अंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा की स्वास्थ्य व्यवस्था व्यवस्थित नहीं की गई तो एक माह बाद फिर से अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

# आग के गोले में तब्दील हुई कार मोहल्ले वालों ने बुझाई आग

### विवाह समारोह की खरीदारी कर वापस घर जाने वाला था परिवार



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विवाह समारोह की खरीदारी कर वापस घर जाने के पहले अचानक चलती कार में आग लग गई। चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। आग इतनी भयानक थी कि कुछ देर में पूरे गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया और जलकर खाक हो गई। इस दौरान मोहल्ले वालों ने घरों से पानी लाकर आग बुझाई। मौक पर कोतवाली प्रभारी पहुंच कर स्थिति का निरिक्षण किया। बताया जाता है कि ग्राम बिजौड़ा से अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 8 में कपड़े की दुकान से विवाह समारोह की खरीदारी करने रविवार की रात 8 बजे परिवार आया था जो अपने वाहन क्रमांक एमपी 65 सी 3918 से वापस ग्राम बिजौडी जाने के लिए परिजन बैठ ही रहे थे कि अचानक कार का इंडिकेटर, वाइजर अपने आप चलने लगे फिर स्टेरिंग के पास से आग निकलने लगी जिसे देख चालक गाड़ी से कूद गया और देखते देखते आग पूरी तरह गाड़ी को अपनी चपेट ले लिया। लोगों ने नगर पालिका के फायर ब्रिगेड के लिए सूचना दी किंतु मेंटेनेंस के कारण उपलब्ध नहीं हो सका। इस दौरान मोहल्ले वालों ने अपने घरों से पानी लाकर आग पर काबू पाया। बताया गया कि कार एक दिन पहले ही मेंटेनेस से वापस आई थी। इस आगजनी ने कार के बगल में खड़ी एक अन्य कार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उस कार को भी नुकसान हुआ। वाहन वल्देव प्रसाद पटेल निवासी गोविंदा कालरी अनूपपुर का बताया जा रहा है। जिसे प्रशांत पटेल चला रहा था।

# ट्रांसफर पॉलिसी के तहत निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ हो स्थानांतरण-कलेक्टर

### कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए निर्देश



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रह जाए, यह प्रत्येक संबंधित अधिकारी की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया कि वे लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन शीघ्र पूर्ण करें और आवास स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाएं और लंबित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करें। कलेक्टर हर्षल पंचोली कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक मे कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ट्रांसफर पॉलिसी के अंतर्गत अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के आधार पर ट्रांसफर पॉलिसी के दायरे और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही किए जाएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर ट्रांसफर के प्रस्ताव एवं आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-ऑफिस प्रणाली व्यवस्थित एवं सुचारु ढंग से संचालन किया जाए। उन्होंने कहा कि ऑफिस प्रणाली के अंतर्गत फाइलों का आदान-प्रदान, फाइल डिस्पैच, ड्राफ्टिंग, कंपाइल एवं रिसीव इत्यादि की प्रक्रिया विधिवत रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में समाधान कारक एवं गुणवत्तायुक्त उत्तर प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा गुमराह करने वाली जानकारी देना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई से प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण शासन की प्राथमिकता है, अतः इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 10 मई को अनूपपुर मुख्यालय एवं तहसील सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम एवं कोतमा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण करने हेतु नगर पालिका एवं विद्युत विभाग के वाहनों को श्रीमती माया विश्वलाल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा हरी झण्डी दिखाकर नगर में प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को नेशनल लोक अदालत में उनके प्रकरणों के निराकरण से होने वाले लाभों जैसे- समय एवं व्यय की बचत, दोनों पक्षकारों के मध्य मतभेद दूर होकर सद्भाव बना रहे तथा विद्युत विभाग एवं नगर पलिका विभाग द्वारा दी जाने वाली छूट का लाभ आमजन को मिल सके है। उक्त अवसर पर नरेन्द्र पटेल द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश/संयोजक नेशनल लोक अदालत, श्रीमती चैनवती ताराम मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, विनोद कुमार वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुश्री सुधा पाण्डें न्यायिक मजिस्ट्रेट बॉबी सोनकर न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट, बृजेश पटेल जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्ता संघ के सचिव विनय कुमार राठौर, संतदास नापित चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसेल सहित अन्य अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## धनगवां में तीन दिनों से ठहरे तीन हाथी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** तीन हाथियों को समूह सोमवार को 46 में दिन वन परिक्षेत्र जैतहरी के धनगवां बीट के कुसुमहाई एवं चोई गांव के मध्य स्थित जंगल में तीसरे दिन ठहरे हुए हैं तीनों हाथियों द्वारा दिन में जंगल मे रहने बाद रात होते ही जंगल से निकल कर आसपास घूमते हुए ग्रामीणों के खेत एवं बाड़ियों में लगे विभिन्न तरह के अनाज को अपना आहार बनाया है,वनविभाग निरंतर हाथियों के निगरानी में लगा हुआ है वही ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने की सलाह दी गई है। तीन हाथियों का समूह शुक्रवार को वन परिक्षेत्र अनूपपुर एवं जैतहरी के मध्य ग्राम पंचायत अमगवां के खिरनानाला के समीप जंगल में पहुंचकर विश्राम करने बाद शुक्रवार की रात जंगल से निकलकर अमगवां, गुवारी, चांदपुर, टकहुली, क्यौटार के पटौराटोला, कुसुमहाई से होकर शनिवार की सुबह धनगवां बीट के जंगल मे निरंतर रह रहे हैं शनिवार की रात तीनों हाथियों ने एक घर में देर रात अचानक धावा बोलकर घर में तोड़फोड़ कर सामग्रियों को खाया वही ग्रामीणों की बांड़ी में लगे केला एवं अन्य तरह की फसल को आहार बनाते हुए रविवार को फिर धनगवां के जंगल में ठहरे रहे रविवार की रात तीनों हाथी जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत क्योटार के कुसुमहाई गांव में जंगल से लगे पालाडोंल में पहुंचकर ग्रामीण गजरुप सिंह के बांडी में लगे केला को खाने बाद से निरंतर रात भर जंगल में ही ठहरे रहे जबकि वनविभाग का निगरानी दल ग्रामीणों के साथ हाथियों की खोजबीन में लगा रहा है।

## स्काउट गाइड का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पतित पावनी नर्मदा जी के उद्गम स्थल में संचालित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में 2 से 6 मई तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में 26 जिलों के 117 स्काउट्स एवं 112 गाइड्स भाग ले रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस के राय द्वारा इस शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा स्काउट्स एवं गाइड्स एवं 35 अनुरक्षक शिक्षकों का स्वागत करते हुए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सदा आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया, आशीर्वाद दिया। प्रशिक्षक दल में अविनाश शुक्ला, (जबलपुर) एल.ओ.सी. स्काउट्स, सुश्री अंजुलता जैन (खंडवा ) एल.ओ.सी गाइड्स एवं प्रशिक्षक दल के अन्य सदस्य कैलाश मालवीय (खंडवा), श्रीमती छाया चतुर्वेदी (छिंदवाड़ा), श्रीमती ज्योति सिंह (कटनी), जितेंद्र सिंह सूर्यवंशी (मंडला), योगेश्वर वर्मा (डिंडोरी) शामिल थे। शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के कौशलों के लिए प्रशिक्षित किया गया। ग्रैंड कैंप फायर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । पीएम श्री स्कूल नवोदय विद्यालय, अमरकंटक से रमेश कुमार सिंह, श्रीमती मनोरमा कौशल, शेख वहीद, एम. एल. कोरी, श्रीमती प्रीति कोचे, विनोद कुमार चौहान, प्रवीण सिंह, विक्रांत सिंह, श्रीमती जयश्री पेंद्रे, प्रमोद पांडेय ने महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान की।

